संपादकीय

# हताशा का आत्मघात

देश की संसद में सरकार द्वारा पेश किया गया यह आंकड़ा विचलित करता है कि पिछले तीन सालों में बेरोजगारी व कर्ज के चलते 26 हजार लोगों ने मौत को गले लगा लिया। निस्संदेह, यह महज सरकारी आंकड़ा है लेकिन इस समस्या के मूल में जाने की जरूरत है। यूं तो बेरोजगारी हमारी अर्थव्यवस्था का सनातन संकट है लेकिन कोरोना महामारी ने इस संकट में ईंधन का काम किया है। विपक्ष लगातार बेरोजगारी के संकट के लिए सरकार की घेराबंदी करता रहा है। आरोप है कि देश में बेरोजगारी का आंकड़ा पिछले पांच दशक में सर्वाधिक है। पिछले दिनों बजट सत्र में चर्चा के दौरान राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए गृह राज्य मंत्री ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में जानकारी दी थी कि बेरोजगारी व कर्ज के चलते तीन साल में 26 हजार लोगों ने आत्महत्या कर ली। यहां तक कि महामारी के पहले वर्ष 2020 में बेरोजगारों की आत्महत्या का आंकड़ा तीन हजार पार चला गया। इस दौरान बेरोजगारी के चलते 3,548 लोगों ने आत्महत्या की। जबकि वर्ष 2019 में 2,851 और 2018 में 2,741 लोगों ने बेरोजगारी के कारण आत्महत्या कर ली। वहीं दूसरी ओर, सरकार ने बताया कि वर्ष 2018 से 2020 के बीच 16,000 से अधिक लोगों ने दिवालियेपन या कर्ज में डूबने के कारण आत्महत्या की। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के अनुसार, वर्ष 2020 में 5,213 लोगों, 2019 में 5,908 और 2018 में 4,970 लोगों ने आत्महत्या कर ली। निस्सदेह, बेरोजगारी और आर्थिक संकट के चलते आत्महत्या करने के आंकड़े का बढ़ना समाज विज्ञानियों के लिये चिंता का विषय होना चाहिए। यही वजह है कि विपक्ष लगातार इस मुद्दे पर सरकार पर हमले करता रहा है। वहीं दूसरी ओर, राजग सरकार के कार्यकाल 2014-2020 के बीच बेरोजगारों के खुदकुशी के 18,772 मामले दर्ज किये गये, जो हर साल औसतन ढाई हजार से अधिक बैठते हैं। कमोबेश ऐसी ही स्थिति यूपीए सरकार के दौरान सात साल के आंकड़ों में सामने आती है। बताया जाता है कि वर्ष 2007 से 2013 के बीच बेरोजगारी के कारण आत्महत्या करने के 15,322 मामले प्रकाश में आये थे। इस दौरान हर साल आत्महत्या का औसतन आंकड़ा दो हजार से अधिक ही था। हालांकि लोकसभा में राहुल गांधी बेरोजगारी का मुद्दा लगातार उठाते रहते हैं। उनकी दलील है कि वर्तमान में बेरोजगारी की दर पिछले पचास सालों में सर्वाधिक है। वहीं कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने लोकसभा में कहा था कि देश में मौजूदा बेरोजगारी की दर बांग्लादेश की तुलना में तेजी से बढ़ी है। बहरहाल, देश में बढ़ता बेरोजगारी संकट एक बड़े संकट की आहट की तरह भी है जो कालांतर में सामाजिक असंतोष का वाहक बन सकता है। सार्वजनिक मंचों से लगातार कहा जाता रहा है कि भारत युवाओं का देश है, लेकिन नीति-नियंताओं से सवाल किया जाना चाहिए कि हम ऐसा कारगर तंत्र क्यों विकसित नहीं कर पाये हैं जो हर हाथ को काम दे सके। निस्संदेह, हमारी शिक्षा प्रणाली में भी खोट है, जो बाबू तो बनाती है लेकिन कामकाजी हुनर के मामले में दुनिया से पीछे है। देश में व्याप्त भ्रष्टाचार, आर्थिक असमानता, राजनीतिक विद्रूपता तथा बढ़ती जनसंख्या जैसे कई कारक बढ़ती बेरोजगारी के मूल में हैं, लेकिन देश को इस संकट से उबारना सरकारों का प्राथमिक दायित्व होना चाहिए। हर चुनाव आने पर लाखों-करोड़ों नौकरी देने का वादा तो जोर-शोर से सामने आता है, लेकिन चुनाव के बाद पांच साल तक मुद्दा ठंडे बस्ते में चला जाता है। देश की युवा आबादी को काम देने के लिये वैकल्पिक रोजगार के उपायों पर ठोस काम होना चाहिए। ये घोषणाएं महज सस्ती लोकप्रियता पाने व राजनीतिक लाभ उठाने का जरिया न बनें। यदि समय रहते इस संकट को गंभीरता से संबोधित नहीं किया जाता है तो बेरोजगारी व दिवालिया होने पर आत्महत्या करने वालों का आंकड़ा और बढ़ सकता है, जो देश के लिये अच्छी स्थिति कदापि नहीं कही जा सकती। देश में बेरोजगारी दूर करने के लिये युद्धस्तर पर अभियान चलाने की जरूरत है।

# चार साल बाद दो नई टीमों के साथ आईपीएल मेगा ऑक्सन की वापसी

## 600 खिलाड़ियों की किस्मत पर फैसला आज




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2022 के लिए मेगा ऑक्शन का दिन आ चुका है। आज दोपहर 12 बजे से मेगा ऑक्शन की शुरुआत होगी। चार साल बाद मेगा ऑक्शन की वापसी हो रही है। पिछली बार मेगा ऑक्शन 2018 में हुआ था, क्योंकि चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम दो साल का बैन झेलने के बाद लीग में वापस आई थी।

2018 में 182 स्लॉट के लिए 13 देशों के 578 खिलाड़ियों को चुनने के लिए आठ टीमों ने बोली लगाई थी। वहीं, इस बार लखनऊ सुपर जाएंट्स और गुजरात टाइटंस के रूप में दो नई टीमें जुड़ी हैं। इस साल आईपीएल 10 टीमों के बीच खेली जाएगी।

2018 मेगा ऑक्शन में 578 खिलाड़ियों में से केवल 169 खिलाड़ी ही बिके थे। उनमें 113 भारतीय और 56 विदेशी खिलाड़ी थे। 2018 मेगा ऑक्शन में इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स सबसे महंगे खिलाड़ी रहे थे। उन्हें राजस्थान ने 12.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब यह देखना होगा कि इस बार ऑक्शन में कौन सा खिलाड़ी अच्छी राशि पाता है।

10 टीमों के पास कुल मिलाकर 217 स्लॉट खाली हैं। ऑक्शन में कितने भी भारतीय खिलाड़ी बिक सकते हैं। वहीं, विदेशी खिलाड़ियों के लिए 70 स्लॉट खाली हैं। एक फ्रेंचाइजी के पास ज्यादा से ज्यादा आठ विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। इस बार 180 से 200 खिलाड़ी मेगा ऑक्शन में बिक सकते हैं।

इस बार मेगा ऑक्शन के लिए 19 देशों के 1214 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से 15 देशों के 590 खिलाड़ियों को फाइनल नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। नीलामी से ठीक एक दिन पहले अंडर-19 वर्ल्ड कप में खेलने वाले 10 खिलाड़ियों के नाम जोड़े गए। इस तरह 600 खिलाड़ियों में से 228 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुके (कैप्ड) हैं। वहीं, 345 अनकैप्ड खिलाड़ी हैं, यानी इन खिलाड़ियों को अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव नहीं है। सात खिलाड़ी एसोसिएट देश (नेपाल, स्कॉटलैंड जैसे देश) से हैं। यह आईपीएल का 15वां संस्करण होगा।

48 खिलाड़ी दो करोड़ रुपये के बेस प्राइस वाले हैं। इसमें 31 विदेशी और 17 भारतीय खिलाड़ी हैं। वहीं, 20 खिलाड़ियों का बेस प्राइस डेढ़ करोड़ (1.5 करोड़) रुपये है। 34 खिलाड़ियों का बेस प्राइस एक करोड़ रुपये है। बेस प्राइस का मतलब है कि इन खिलाड़ियों पर बोली की शुरुआत इसी राशि से होगी। नीलामी में 600 खिलाड़ियों में से 377 भारतीय और 223 विदेशी खिलाड़ी हैं। ऑक्शन में भारत के बाद सबसे ज्यादा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया (50) के हैं।

# आयकर विभाग के नए ई-फाइलिंग पोर्टल पर 6.2 करोड़ रिटर्न दाखिल




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग के नए ई-फाइलिंग पोर्टल पर आज तक 6.2 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न (आईटीआर) और लगभग 21 लाख प्रमुख टैक्स ऑडिट रिपोर्ट (टीएआर) दाखिल किए गए थे।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक आकलन वर्ष 2021-22 के लिए दायर इन 6.2 करोड़ आईटीआर में से 48त्न आईटीआर-1 (2.97 करोड़), 9त्न आईटीआर-2 (56 लाख), 13त्न आईटीआर-3 (83 लाख), 27त्न आईटीआर हैं। आईटीआर-4 की संख्या 1.66 करोड़, आईटीआर-5 की 11.3 लाख, आईटीआर-6 की 5.2 लाख और आईटीआर-7 की संख्या 1.41 लाख है।

विभाग ईमेल, एसएमएस और ट्विटर के माध्यम से करदाताओं को याद दिला रहा है कि जिन्होंने अभी तक अपनी टैक्स ऑडिट रिपोर्ट या निर्धारण वर्ष 2021-22 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है, से अनुरोध है कि अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए तुरंत अपना टीएआर/रिटर्न दाखिल करें। आखिरी तारीख बढ़ा कर 15 मार्च 2022 कर दी गयी है।

## ईशान किशन और निकोलस पूरन ने मारी बाजी, 10 मिनट के ब्रेक के बाद फिर शुरू हुई नीलामी

**नई दिल्ली।** ईशान किशन आईपीएल 2022 की नीलामी में बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। मुंबई इंडियंस ने इस खिलाड़ी पर 15.25 करोड़ रुपए की मोटी रकम खर्च कर अपनी टीम में शामिल किया। इससे पहले आज की नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने श्रेयस अय्यर को 12 करोड़ 25 लाख रुपये में खरीदा था। उसके बाद हर्षल पटेल 10 करोड़ 75 लाख रुपये में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर में वापस गए हैं। वहीं, पंजाब किंग्स ने शिखर धवन को 8 करोड़ 25 लाख रुपये में, रविचंद्रन अश्विन को राजस्थान रॉयल्स ने 5 करोड़ रुपये में और पैट कमिंस को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 7.25 करोड़ रुपये में खरीदा है। वॉशिंगटन सुंदर और क्रुणाल पांड्या पर भी नीलामी के दौरान धनवर्षा हुई है। दोनों खिलाड़ियों को 8 करोड़ से ज्यादा रकम मिली है। निकोलस पूरन और वानिंदु हसरंगा अभी तक आईपीएल 2022 नीलामी में बिकने वाले सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी हैं। दोनों की जेब में 10.75 करोड़ रुपए आए हैं।

# भारत ने 14वीं बार वेस्टइंडीज से जीती वनडे सीरीज



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका दौरे को भुलाकर टीम इंडिया ने अपने घर में वनडे का सूपड़ा साफ कर दिया है। भारतीय टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम स्टेडियम में तीसरे और अंतिम वनडे में वेस्टइंडीज को 96 रन से हराकर 3-0 से क्लीन स्वीप किया। टीम इंडिया की जीत में श्रेयस अय्यर ने शानदार 80 और ऋषभ पंत ने 56 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने 3-3 विकेट हासिल किए। आइये आपको बताते हैं सीरीज जीत में टीम इंडिया की जीत की 5 बड़ी बातें।रोहित की वनडे कप्तान के रूप में यह पहली सीरीज थी। रोहित पहले ऐसे भारतीय कप्तान बन गए हैं, जिनकी कप्तानी में भारत ने वेस्टइंडीज की सूपड़ा साफ किया है। दोनों देशों के बीच 1983 में पहली वनडे सीरीज खेली गई थी। यह 14वीं बार है जब भारत ने वेस्टइंडीज से वनडे सीरीज जीती है। श्रेयस अय्यर मुकाबले में शानदार 80 रन बनाए। वो ऐसे समय में बल्लेबाजी के लिए उतरे जब टीम स्कोर 50 रन अंदर 3 विकेट खो चुकी थी। रोहित शर्मा और विराट कोहली एक ही ओवर में पवेलियन लौट गए थे। टीम पर सस्ते में ऑल आउट होने का खतरा मंडरा रहा था। लेकिन श्रेयस अय्यर से समझदारी से बल्लेबाजी की और ऋषभ पंत के साथ अच्छी साझेदारी की।

**दोनों के बीच शतकीय साझेदारी मैच का टर्निंग प्वाइंट-** श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत के बीच चौथे विकेट के लिए 124 गेंद में 110 रन की साझेदारी हुई, जोकि मैच का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने अपने अर्धशतक पूरे किए। अय्यर ने 111 गेंद में 80 रन और पंत ने 54 गेंद में 56 रन बनाए।

## एयरटेल की इंटरनेट सेवाओं में व्यवधान, 10 मिनट में स्थिति हुई ठीक

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की दूरसंचार सेवा कंपनी एयरटेल की इंटरनेट सेवाओं में करीब पांच मिनट का व्यवधान उत्पन्न हुआ था जिसे कंपनी ने शीघ्र सुधार दिया।

कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा,''हमारी इंटरनेट सेवाओं में सुबह तकनीकी गड़बड़ी के कारण करीब पांच मिन के लिए व्यवधान उत्पन्न हो गया था। इसे तुरंत ठीक करने की कार्रवाई की गयी और अगले दस मिन में नेटवर्क सामान्य हो गया।'' प्रवक्ता ने कहा,''अपने ग्राहकों को हुई इस असुविधा को लेकर हमें बड़ा खेद है।''

दिल्ली, मुंबई , जयपुर और कोलकाता समेत देश के विभिन्न शहरों में सुबह लोगों को एयरटेल की इंटरनेट सेवाओं के उपयोग में दिक्कत हुई। इसी माह मुंबई में जियो के नेटवर्क पर भी इसी तरह की कठिनाई उत्पन्न हुई थी।

एयरटेल के ग्राहकों की सोसल मीडिया पर चर्चाओं के मुताबिक उन्हें एयरटेल के ब्राडबैंड और मोबाइल नेटवर्क पर डाउनलोड में कठिनाई हुई।

एयरटेल का मुख्यालय भारत में है और यह एयिशा और अफ्रीका के 17 देशों में 48 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवाएं देती है। यह दुनिया की तीन प्रमुख दूरसंचार नेटवर्क कंपनियों में गिनी जाती है।

# जनवरी में कारों की बिक्री 17.32 प्रतिशत घटी




**नई दिल्ली।** ओमीक्रॉन संक्रमण एवं सेमीकंडक्टर चिप की कमी के कारण उत्पादन प्रभावित होने से इस वर्ष जनवरी में यात्री कारों की घरेलू बाजार में बिक्री इसके पिछले वर्ष की समान अवधि के 153244 के मुकाबले 17.32 प्रतिशत घटकर 126693 इकाई पर आ गई।

ऑटोमोबाइल कंपनियों के संगठन सियाम की जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2022 में घरेलू बाजार में 126693 यात्री कार बेची गई, जो जनवरी 2021 के 153244 कार के मुकाबले 17.32 प्रतिशत कम है। हालांकि कारों का निर्यात 24991 इकाई से बढ़क़र 25226 इकाई हो गया। वहीं, यूटिलिटीज वाहनों की बिक्री 111494 इकाई से बढ़क़र 116962 इकाई और इसका निर्यात 12064 से ऊपर होकर 15511 इकाई पर पहुंच गया।

इस दौरान वैन की बिक्री 11816 से कम होकर 10632 इकाई तथा इसका निर्यात 130 से घटकर 50 इकाई रह गया। इस तरह आलोच्य अवधि में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 8.05 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 276554 से कम होकर 254287 इकाई पर आ गई। हालांकि यात्री वाहनों का कुल निर्यात 37187 से बढक़र 40787 इकाई हो गया। आलोच्य अवधि में घरेलू बाजार में दुपहिया वाहनों की बिक्री में 21.09 प्रतिशत की कमी आई और यह 1429928 इकई से घटकर 1128293 इकाई रह गई। इस का निर्यात भी 384859 से गिरकर 374966 इकाई पर आ गया। इस अवधि में स्कूटरों की बिक्री 454556 से घटकर 348704 इकाई जबकि निर्यात 25595 से बढक़र 33369 इकाई पर पहुंच गया।

इस दौरान मोटरसाइकिल की बिक्री 916365 से 18.83 प्रतिशत कम होकर 743804 इकाई तथा निर्यात 358784 से घटकर 341453 इकाई रह गया। मोपेड की बिक्री 59007 से कम होकर 35785 तथा निर्यात 480 से घटकर 144 इकाई पर आ गया।

## बड़े मियां छोटे मियां में टाइगर श्रॉफ के साथ फिर दिखेंगी श्रद्धा कपूर



फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। हाल में खबर आई थी कि इस फिल्म में पहली बार टाइगर अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे। फिल्म को वाशु भगनानी बना रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि बागी 3 में टाइगर की को-स्टार रहीं श्रद्धा कपूर उनके साथ नजर आएंगी। ऐसे में टाइगर के साथ श्रद्धा को एक बार फिर पर्दे पर देखना रोमांचकारी अनुभव होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, बड़े मियां छोटे मियां में एक बार फिर टाइगर और श्रद्धा एक साथ नजर आएंगे। एक सूत्र ने कहा, यह एक बड़े बजट का प्रोजेक्ट होगा। ऐसा लगता है कि जैसे इस प्रोजेक्ट में कलाकारों का रीयूनियन हो सकता है। श्रद्धा अपने बागी 3 के सह-कलाकार टाइगर के साथ एक बार फिर इस फिल्म में शामिल हो सकती हैं। हालांकि, इसको लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

श्रद्धा और टाइगर दोनों बागी 3 और बागी में साथ काम कर चुके हैं। बागी 3 2020 में रिलीज हुई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 140 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म में दिशा पटानी और अंकिता लोखंडे भी नजर आई थीं। बागी ने 521 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इस फिल्म में सुधीर बाबू और रितेश देशमुख भी नजर आए थे। उम्मीद है कि दोनों की पिछली फिल्मों की तरह बड़े मियां छोटे मियां भी हिट रहेगी।

## प्रभास की राधे श्याम 11 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज



अब जैसे ही देश में कोरोना वायरस की तीसरी लहर कम हुई है; फिल्मों की नई रिलीज डेट आने लगी हैं। कोरोना के कारण ही साउथ स्टार प्रभास की फिल्म राधे श्याम की रिलीज डेट स्थगित हुई थी। यह फिल्म पहले 14 जनवरी को दर्शकों के बीच आने वाली थी। अब मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म 11 मार्च को थिएटर में रिलीज होने वाली है।

मेकर्स ने एक पोस्टर के साथ फिल्म की नई रिलीज डेट का खुलासा किया है। राधे श्याम के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा गया, रोमांचकारी प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म की नई रिलीज डेट आई है। राधे श्याम 11 मार्च को सिनेमाघरों में आएगी।

## आज का राशिफल

***मेष*** : आज आपको जो आर्थिक लाभ होगा उसके कारण आप जीवन की समस्त सुख-सुविधाओं का आनंद उठा सकेंगे । आप बचत करने में नहीं मानते होंगे तो इस पैसे का उपयोग मौज-मस्ती के पीछे खर्च करने की इच्छा होगी ।

***वृषभ*** : स्वभाव का उतावलापन और अधीरता आपके व्यवहार को विचित्र बनाएगा। आपका व्यवहार समाधानकारी नहीं होगा। आप कोई सूचना सुनने को तैयार नहीं होंगे।

***मिथुन*** : मन में उदासीनता के बादल छाए रहेंगे। इसका कारण शायद आपके निकट के स्वजनों की दूरी भी हो सकती है। गुस्से की मात्रा अधिक रहने के परिणाम स्वरूप आप अनावश्यक दलील करने के लिए प्रेरित होंगे ।

***कर्क*** : आज आपको मित्रों या सगे-संबंधियों की ओर से आकस्मिक भेंट-उपहार और आनंददायक समाचार मिलेंगे। परिवार के सभी सदस्य मिलकर आनंद करेंगे।

***सिंह*** : नए गृह सजावट करने का विचार आएगा। नए कला-कौशल या सुंदर कलात्मक वस्तुओं से आप घर को नया स्वरूप देंगे। गणेशजी की कृपा से आप बड़े व्यापारी या आर्थिक खतरा उठाएंगे और उसमें आपको लाभ भी होगा।

***कन्या***: आप अपनी रचनात्मक प्रतिभा बाहर लाने और उसका विकास करने की कोशिश में होंगे। किसी भी विषय को बौद्धिक रूप से विचार करने और उसका विश्लेषण करने की अपनी क्षमता में सुधार हुआ महसूस करेंगे ।

***तुला*** : ऑफिस में आपको किसी मीटिंग का आयोजन करने का उत्तरदायित्व सौंपा जाएगा, जिसमें अपनी कुशलता साबित कर सकेंगे। संशोधन कार्य अच्छी तरह आगे बढ़ सकेगा।

***वृश्चिक*** : आज का दिन मार्केटिंग क्षेत्र के लोगों के लिए सफलता का रहेगा। आप नए साहस शुरू करेंगेऔर लोग उसके लिए आपकी प्रशंसा करेंगे। आपको अपने कार्यों का फल मिलेगा।

***धनु*** : आपको समाज में मिलना – जुलना पसंद है फिर भी आज आप ऐसे सामाजिक समारोह में जाना टालना पसंद करेंगे। कोई मनोरंजन कार्यक्रम भी आपको नहीं ललचा पायेगा । फिर भी शाम को आप बाहर भोजन करने जाएँगे और दिन के अंत में कुछ संतोष का अनुभव करेंगे।

***मकर***: शेयर-सट्टा की प्रवृत्तियों द्वारा आकस्मिक लाभ होने की संभावना है। शेयर बाजार आपके लिए लाभदायक हो सकता है, जबकि इस विषय में अधिक खतरा न उठाने की सलाह है, क्योंकि अचानक आर्थिक नुकसान आपको हताश और चिंतित कर सकता है।

***कुंभ***: बहुत लंबे समय से सोची हुई योजनाएँ साकार होने की शुरुआत होने की संभावना देख रहे हैं । नौकरी में आप पदोन्नति की इच्छा रखेंगे और उसके लिए अच्छे कार्य करने की कोशिश करेंगे ।

***मीन*** : व्यापार संबंधी कुछ विषयों में आप आज उलझे होंगे। आपको निर्धारित समय में यदि अपेक्षित लाभ न मिले तो भी जैस-जैसे दिन व्यतीत होगा वैसे-वैसे सब कुछ अच्छा होता हुआ प्रतीत होगा और शाम तक मानसिक हल्कापन अनुभव करेंगे।

## हेल्दी ब्रेकफास्ट है 'पनीर डोसा'



डोसे का घोल आजकल मार्केट में रेडीमेड मिल जाता है तो आप इसे लाकर दो से तीन दिनों तक इस्तेमाल कर सकते हैं। तो आज इससे बनाएंगे पनीर डोसा बनाना।

**सामग्री :**

डोसे का घोल- 1 कप, पनीर, शिमला मिर्च और हरा प्याज़ (क्यूब्स में कटे हुए)- 1/2-1/2 कप, प्याज़- 1/2 कप, टमाटर (बारीक़ कटा हुआ)- 1/2 कप, पत्तागोभी (कद्दूकस की हुई)- 1/2कप, टोमैटो केचअप- 1/3 कप, स्पाइसी रेड चिली सॉस/ टोमैटो सॉस- 1/3 टीस्पून, सोया सॉस-1 टीस्पून, सेंकने के लिए तेल

**विधि :**

- नॉनस्टिक या तवा जिस पर भी डोसा बनाना है उसे गरम कर लें।

- तेल लगाकर चम्मच की मदद से उस पर डोसे का घोल फैलाएं। डोसे को क्रिस्पी होने तक सेंक लेंगे। दूसरी तरफ पलटें।

- इसी के साथ इसमें प्याज़, टमाटर, शिमला मिर्च, पत्तागोभी, रेड चिली सॉस, टोमेटो केचअप और सोया सॉस डालकर 1-2 मिनट तक सेंक लें।

- फिर इसमें पनीर क्यूब्स डालें और डोसे को फोल्ड कर दें।

- अच्छी तरह से सेकने के बाद डोसे को आंच से उतार लें।

- नारियल चटनी के साथ गरमा-गरम सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 348

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 347 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## सू-दोकू- 348

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.347 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |